**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**24.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वैश्विक निवेशकों से हिमाचल में निवेश का किया आग्रह।

- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा– सेब सीजन के दौरान मंडियों तक पहुंची एक करोड़ 90 लाख सेब पेटियां।

- आपदा प्रबंधन के विभिन्न आयामों पर पत्र सूचना कार्यालय द्वारा सोलन में मीडिया कार्यशाला का आयोजन।

- प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य संस्थानों की इमारतों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए 24 करोड़ रूपए से अधिक की धनराशि स्वीकृत।

- प्रदेश के आठ जिलों से मॉनसून विदा– इस वर्ष सामान्य से 42 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वैश्विक निवेशकों से हिमाचल प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा, पर्यटन, बागवानी, सूचना प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य क्षेत्रों में निवेश की संभावना तलाशने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने लंदन में इंडो–यूरोपियन बिज़नेस फोरम द्वारा आयोजित शिखर सम्मेलन में भाग लेते हुए ये बात कही। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश हर मौसम में दुनिया भर के पर्यटकों के लिए पसंदीदा गंतव्य स्थल होने के साथ–साथ वैश्विक व्यापार की गतिविधियों का केंद्र बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भर हिमाचल के संकल्प पर कार्य करते हुए इसे आत्मनिर्भर राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल जलविद्युत व नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और इन क्षेत्रों में यूरोपियन विशेषज्ञता व भारतीय आकांक्षाएं मिलकर मील पत्थर स्थापित कर सकती हैं। उन्होंने यूरोपियन निवेशकों से स्वास्थ्य, जैविक उत्पादों और सतत जीवन शैली में अवसरों को तलाशने का आह्वान भी किया। इस

दौरान इंडो–यूरोपियन बिजनेस फोरम ने मुख्यमंत्री को उनके दूरदर्शी व परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए लीडरशिप एंड गवर्नेंस आवार्ड से सम्मानित किया।

**जगत नेगी**

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि सेब सीजन के दौरान अभी तक एक करोड़ 90 लाख सेब की पेटियां मंडियों तक पहुंच चुकी हैं। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि एचपीएमसी के माध्यम से 60 हज़ार मीट्रिक टन सेब खरीदा गया है। जगत सिंह नेगी ने सेब फंसे होने के विपक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि केवल लाहौल स्पीति में ही नोर्थ पोर्टल में सड़क बंद होने से किसानों, बागवानों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**वार्तालाप**

भारत सरकार के सूचना व प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा आज सोलन में आपदा प्रबंधन, पोषण अभियान, बागवानी और महिला सशक्तिकरण विषय पर मीडिया कार्यशाला "वार्तालाप" का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य आपदा प्रबंधन के विभिन्न आयामों पर सरकार और मीडिया के बीच सार्थक संवाद व विचारों के उपयोगी आदान–प्रदान को बढ़ावा देना था। सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने वार्तालाप का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मीडिया के कारण ही बड़ी से बड़ी आपदा से निपटने व उसके प्रबंधन में मदद मिलती है और स्वच्छता अभियान की सफलता में भी मीडिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे पहले, पीआईबी शिमला के सहायक निदेशक संजीव शर्मा ने वार्तालाप के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वार्तालाप जन कल्याण योजनाओं को मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास है। इस मौके पर पीआईबी चंडीगढ़ के मीडिया व संचार अधिकारी अहमद खान ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न विभागों व इकाइयों की कार्यप्रणाली पर प्रस्तुतिकरण दिया।

**हर्षवर्धन**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि राज्य सरकार औद्योगिक विकास को गति देने और युवाओं को रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सोलन जिले के घीर औद्योगिक क्षेत्र में 3 सौ एकड़ भूमि के उपयोग को लेकर रणनीति तैयार करने के लिए गठित कैबिनेट उपसमिति की शिमला में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। उद्योग मंत्री ने कहा कि 3 सौ एकड़ भूमि पर बुनियादी ढांचा तैयार किया जाएगा, जिसमें विद्युत आपूर्ति, बेहतर जल प्रबंधन प्रणाली व हाई स्पीड कनेक्टिविटि शामिल होगी ताकि उद्योग सुगमता से स्थापित हो सके। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि इस परियोजना से राज्य की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा और स्थानीय युवाओं के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित होंगे। बैठक में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और आयुष मंत्री यादविन्द्र गोमा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**सेवा पर्व**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर सरकार, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज इस विशेष श्रृंखला– सेवा पर्व में, हम बता रहे हैं कि मोदी सरकार भारत ए.आई मिशन के माध्यम से देश को भविष्य के लिए कैसे तैयार कर रही है।

*आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि एआई की क्रांति के माध्यम से आमजन की जीवनचर्या और सोचने समझने के नजरिये में बदलाव आया है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने पिछले साल मार्च में दस हजार तीन सौ करोड रूपये की लागत वाले इंडिया एआई मिशन को मजूरी दी थी। भारत, एआई के विकास और इस तकनीक को अपनाने वाले अग्रणी देशों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इस अभियान का उद्देश्य एआई को भारत के लिए उपयोगी बनाना है।* ***आज हम देख रहे हैं भारत एआई डेवलेपमेंट और एडप्शन में आगे रहने वाले देशों में शामिल है। इसके विस्तार के लिए सरकार ने इंडिया एआई मिशन को लॉन्च किया है। हम मेक एआई इन इंडिया इसके विजन पर काम कर रहे हैं और हमारा उद्देश्य है मेक एआई वर्क फॉर इंडिया।***

*इंडिया एआई मिशन, व्यापक स्तर पर कम्पयूटर के उपयोग तथा नवाचार केंद्रों के निर्माण, डेटाबेस विकसित करने, नवाचारों को बढ़ावा देने और एआई के सुरक्षित तथा विश्वसनीय उपयोग को सुनिश्चित करने जैसे स्तंभों पर आधारित है। यह मिशन जन कन्द्रित है और इसका उद्देश्य तकनीक के उपयोग को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना और सुलभ बनाना है। बहुत कम समय में ही भारत ने दुनिया में सबसे किफायती कंप्यूटर सुविधा उपलब्ध कराई है। इंडिया एआई मिशन सिर्फ एक पहल ही नहीं है। बल्कि, देश को एआई के जिम्मेदारी पूर्ण उपयोग के मामले में अग्रणी बनाने का दृष्टिकोण भी है। इसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक डिजिटल भारत का आधार तैयार करना है।*

## स्वास्थ्य धनराशि

प्रदेश सरकार ने राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों की इमारतों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए 24 करोड़ 44 लाख रूपए की अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत की है। स्वास्थ्य विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस निर्णय से चिकित्सा सेवा को मजबूती मिलेगी  और लोग भी लाभान्वित होंगे। प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों मे आधुनिक तकनीक युक्त चिकित्सा उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं ताकि मरीज़ों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवा के लिए प्रदेश से बाहर न जाना पड़े।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ बना रहा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य के आठ जिलों चंबा, कांगड़ा, ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, सोलन, सिरमौर और मंडी से आज मॉनसून विदा हो गया है और अगले दो दिनों में प्रदेश में मॉनसून पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मॉनसून के दौरान प्रदेश भर में सामान्य से 42 फीसदी अधिक बारिश हुई है। संदीप कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश में 30 सितंबर तक मौसम के साफ रहने की संभावना है।

## राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आज हमीरपुर जिले के नादौन स्थित सिद्धार्थ राजकीय डिग्री कॉलेज में प्रदेश विश्वविद्यालय की चार दिवसीय अंतर महाविद्यालय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का उदघाटन किया। प्रतियोगिता में लगभग 70 कालेजों की टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर राजेश धर्माणी ने कहा कि कबड्डी जैसा पारंपरिक भारतीय खेल अब एक नई पहचान के साथ विश्व के सामने

आया है और कई युवा इसे एक कॅरियर के रूप में अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**पौधरोपण**

राष्ट्रव्यापी एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एस.जे.वी.एन ने आज शिमला के चमियाणा में निगम के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक भूपेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर निदेशक कार्मिक अजय कुमार शर्मा ने कहा कि एसजेवीएन ने इस वर्ष दिसंबर तक साढ़े चार हज़ार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है।

**नवरात्र**

शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। नवरात्र के तीसरे दिन आज मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है। मंदिरों में भजन–कीर्तन के आयोजन से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है और विभिन्न स्थानों पर भण्डारे भी लगाए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वैश्विक निवेशकों से हिमाचल में निवेश का किया आग्रह।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा– सेब सीजन के दौरान मंडियों तक पहुंची एक करोड़ 90 लाख सेब पेटियां।
- आपदा प्रबंधन के विभिन्न आयामों पर पत्र सूचना कार्यालय द्वारा सोलन में मीडिया कार्यशाला का आयोजन।
- प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य संस्थानों की इमारतों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए 24 करोड़ रूपए से अधिक की धनराशि स्वीकृत।
- प्रदेश के आठ जिलों से मॉनसून विदा– इस वर्ष सामान्य से 42 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज।